जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्र:एफ/विकास/2013/1012 दिनांक 07.08.2013

विज्ञापन

सत्र 2013–14 के सभी श्रेणियों के तथा सत्र 2012–13 (सिर्फ अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग) के छात्र/छात्राओं से विज्ञान, जीवविज्ञान, समाजविज्ञान, कला, वाणिज्य, मैनेजमेन्ट, विधि, शिक्षा, शारीरिक शिक्षा व गृह विज्ञान संकायों में विश्वविद्यालय शोध छात्रवृत्ति दिए जाने हेतु आवेदन–पत्र निर्धारित प्रोफार्मा पर आमंत्रित किये जाते है। आवेदनपत्र विश्वविद्यालय में दिनांक 24.08.2013 अथवा इसके पहले अनिवार्यतः प्राप्त हो जाना चाहिए। आवेदनपत्र जीवाजी विश्वविद्यालय की विकास शाखा से रु. 100/– का भुगतान करके व्यक्तिगत रूप से अथवा रु. 150/– का कुलसचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर के पक्ष में देय बैंक ड्राफ्ट भेज कर डाक द्वारा प्राप्त किया जा सकता है। आवेदनपत्र को विश्वविद्यालय की वेवसाइट www.jiwaji.edu से भी डाउनलोड किया जा सकता है एवं ऐसे आवेदन पत्र के साथ रु. 100/– का कुलसचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर के पक्ष में देय बैंक ड्राफ्ट अनिवार्यतः संलग्न किया जाएगा।

यह छात्रवृत्ति केवल उन आवेदकों को ही स्वीकृत की जाएगी जो कि प्रथमश्रेणी स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त (अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों के लिये 55%) होने के साथ–साथ जीवाजी विश्वविद्यालय में पीएच.डी. हेतु पंजीकृत भी हों। पीएच.डी. उपाधि हेतु पुनः पंजीकृत हुए विद्यार्थी इस छात्रवृत्ति के लिये अर्ह नहीं होगें।

कुलसचिव
जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर